Title: Need to release funds to Rajasthan Government for providing Scholarships to post-matric students of Other Backward Classes category.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : उपाध्यक्ष महोदय, अन्य पिछड़ा वर्ग के, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालय एवं तकनीकी शिक्षण संस्थाओं में पढ़ने वाले छात्रों को पोस्ट मैट्रिक स्कोलरशिप दिये जाने का प्रावधान है। यह छात्रवृत्ति छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों तथा अन्य नियमित रूप से घर पर रहकर पढ़ाई करने वालों को देय है। राजस्थान राज्य में अब जबकि शिक्षण सत्र लगभग समाप्ति की ओर है, अभी तक यह छात्रवृत्ति नहीं दी गयी है। राज्य सरकार से जानकारी प्राप्त होने पर बताया गया है कि राजस्थान सरकार ने वर्ष 2004-2005 के लिए 5.26 करोड़ रुपये की मांग आवासीय छात्रों के लिए एवं 12.35 करोड़ रुपये की मांग डे-स्कोलर हेतु की हुई है।

मेरा माननीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री जी से निवेदन है कि राजस्थान के अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस सम्पूर्ण राशि को शीघ्र राजस्थान सरकार को आवंटित किया जाये। मैं यहां यह भी निवेदन करना चाहूंगा कि अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए दी जा रही इस पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, जो सम्पूर्ण रूप से केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही है, का व्यापक प्रचार-प्रसार संचार माध्यमों के जरिये करवाया जाये ताकि अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकतम निर्धन छात्र इस योजना का लाभ ले सकें।